प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19 ए विधान सभा मार्ग लखनऊ।

**सेवा में,**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद– कन्नौज एवं फर्रूखाबाद,
उत्तर प्रदेश।

**पत्रांक : एस0पी0एम0यू0/एस0एस0 भ्रमण/फर्रूखाबाद/2019–20/**9450 **दिनांक :**13-02-2020

**विषय : राज्य स्तरीय टीम द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत भ्रमण में पायी गयी कमियों के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

अवगत कराना है कि दिनांक 20 से 25 जनवरी 2020 के मध्य नामित राज्य स्तरीय टीम द्वारा आपके जनपद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण की विस्तृत रिपोर्ट, पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

अतः रिपोर्ट में उल्लिखित कमियों को तत्काल दूर कराकर अपनी आख्या उपलब्ध करने का कष्ट करें।

**संलग्नक–यथोक्त।**

**भवदीया**

**(जसजीत कौर)**
अपर मिशन निदेशक

**पत्रांक : एस0पी0एम0यू0/एस0एस0 भ्रमण/2019–20/** **तद्दिनांक :**

**प्रतिलिपि** : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, लखनऊ, उ0प्र0।
2. महानिदेशक परिवार कल्याण, प0क0 महानिदेशालय, उ0प्र0।
3. जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद कन्नौज एवं फर्रूखाबाद, उ0प्र0।
4. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मण्डल, उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ कि भ्रमण के दौरान पाई गई कमियों का निराकरण एक पखवाड़े में कराना सुनिश्चित करें।
5. समस्त महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
6. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, कानपुर, उ0प्र0।
7. जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक,डी0ई0आई0सी0 मैनेजर/अर्बन हेल्थ कोर्डिनेटर जनपद कन्नौज एवं फर्रूखाबाद, उ0प्र0।
8. आर0के0एस0के0 कोआर्डिनेटर/डी0ई0आई0सी0 मैनेजर, कन्नौज एवं फर्रूखाबाद, उ0प्र0।

**(डॉ0 मीनाक्षी सिंह)**
महाप्रबन्धक–आई0ई0सी0
/मण्डलीय नोडल अधिकारी
कानपुर मण्डल

# जनपद भ्रमण आख्या कन्नौज

## दिनांक 20.01.2020 से 22.01.2020

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के पत्र संख्या– SPMU/NHM/M&E/2019-20/18/7999-2 दिनांक 20.12.2019 के क्रम में पत्र में दिए गए निर्देशों के अनुपालनार्थ दिनांक 20 से 22 जनवरी 2020 को भ्रमण दल द्वारा जनपद कन्नौज का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण दल के सदस्यों का विवरण निम्नानुसार हैः–

1. डा. आनंद अग्रवाल, उप महाप्रबंधक आर.के.एस.के. अनुभाग एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।
2. मोहम्मद आजम खान मानिटरिंग एण्ड डाक्यूमेन्टेशन आफिसर, कम्युनिटी प्रोसेस, अनुभाग एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।

जनपद की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की संक्षिप्त आख्या निम्नवत् है–

### जिला संयुक्त चिकित्सालय, कन्नौज।

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| प्रसव कक्ष में डिजिटल वाच खराब थी एवं कैलिसपैड पंक्चर था। । | चिकित्सा अधीक्षक अपने स्तर समस्त कमियों का निस्तारण 01 सप्ताह के अन्दर कराना सुनिश्चित करें। | जनपद स्तर से |
| पार्टोग्राफ नहीं भरा जा रहा था। | मैट्रन को पार्टोग्राफ भरे जाने का निर्देश दिया गया | |
| प्रसव कक्ष में सभी 16 प्रोटोकाल पोस्टर उपलब्ध नही थे। | 16 प्रोटोकॉल पोस्टर उपलब्ध करा के लेबर रूम में लगाया जाये। | |
| प्रसव कक्ष में कार्यरत स्टाफ नर्स को लेबर रूम प्रोटोकॉल / सेफ्टी प्रोटोकॉल एवं इंफेक्शन कन्ट्रोल की जानकारी हेतु Re-orientation की आवश्यकता है। | स्टाफ नर्स का रिओरियन्टेशन कराने के निर्देश दिये गये। | चिकित्सा अधीक्षक |
| ANC Ward के शौचालय अत्यंत गन्दे पाए गए। | सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये गये। | हास्पीटल मैनेजर |
| 102 एवं 108 पंजिका का रख–रखाव मानक अनुरूप नहीं था। | चिकित्सा अधीक्षक द्वारा रजिस्टर के लिए एक कर्मचारी नामित किया जाना है | चिकित्सा अधीक्षक /15 दिवस |
| चिकित्सालय के शौचालय में प्रकाश की व्यवस्था नहीं थी और न ही उसे इनवर्टर से कनेक्ट किया गया था।<br>वार्ड के शौचालय अत्यंत गंदे थे। जगह–जगह पानी भरा हुआ था। | चिकित्सा अधीक्षक को दिये सुझाव के अनुक्रम में चिकित्सालय के शौचालय में तत्काल प्रकाश की व्यवस्था की गयी। | चिकित्सा अधीक्षक /15 दिवस |

| | | |
|---|---|---|
| वार्ड में गार्ड होने के बावजूद एक मरीज के साथ कई कई तीमारदार उपस्थित थे। तीमारदार भी वार्ड में बैठकर ही खाना खा रहे थे। | नियमों का अनुपालन करने हेतु सुरक्षा कर्मी को निर्देश दिये गये। | चिकित्सा अधीक्षक /15 दिवस |
| वार्ड में अग्निशामक यंत्र अक्रियाशील थे एवं उनके उपयोग के बारे में किसी को कोई प्रशिक्षण भी नहीं दिया गया था। | अग्निशामक को Refilling कराकर Expiry/Refilling की तिथि अंकित कराया जाना सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आदेशित करने का सुझाव टीम द्वारा दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक /15 दिवस |
| वार्ड में इमरजेन्सी हेतु आक्सीजन सिलेंडर, सक्शन मशीन इत्यादि उपलब्ध नहीं थी। | | मुख्य चिकित्सा अधिकारी। |
| हब कटर उपलब्ध होने के बावजूद प्रयोग नहीं किया जा रहा था। | | चिकित्सा अधीक्षक |
| जनपद महिला चिकित्सालय में कोई भी महिला चिकित्सक उपस्थित नहीं थी।<br>मरीजों को एन0सी0डी0 काउन्सलर द्वारा देखा जा रहा था। | | चिकित्सा अधीक्षक |
| **चिकित्सालय से सम्बद्ध डा0 निधि गोयल द्वारा अपने निवास पर शुल्क लेकर मरीज देखे जाने की शिकायत मरीजों द्वारा की गई।** | | मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ चिकित्सा अधीक्षक |
| चिकित्सालय की ओ0पी0डी0 में विफ्स कार्यक्रम वाली आयरन की नीली गोली वितरित की जा रही थी। | | चिकित्सा अधीक्षक |
| एस0एन0सी0यू0 में 2 फोटो थिरेपी मशीन खराब हैं। | | चिकित्सा अधीक्षक |
| **चिकित्सालय में सर्जन डा0 योगेन्द्र गुप्ता अस्पताल में उपलब्ध दवाईयां भी मरीजों को बाहर से लिख रहे हैं।** | | चिकित्सा अधीक्षक |
| रोगी सहायता केन्द्र पर कार्यरत आपरेटर ओ0पी0डी0 रजिस्टर से डेटा अपने रजिस्टर में भरता पाया गया। | हेल्प डेस्क की स्थापना मानकानुसार कराये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में पूर्ण एवं सही जानकारी नहीं थी। | | चिकित्सा अधीक्षक |
| एस0एन0सी0यू0 में सेन्ट्रलाइज्ड आक्सीजन सप्लाई नहीं है। | | चिकित्सा अधीक्षक |
| एन0आर0सी0 में कार्यरत स्टाफ नर्स सुश्री सरिता सिंह गत 5 माह से बिना सूचना के अनुपस्थित | | चिकित्सा |

| | | |
|---|---|---|
| है। | | अधीक्षक |
| एन0आर0सी0 में चिकित्साधिकारी का पद रिक्त है। | | चिकित्सा अधीक्षक |
| लाभार्थियों का भुगतान बहुत विलम्ब से किया जाता है। | | चिकित्सा अधीक्षक |
| अस्पताल के बाबू द्वारा लम्बित भुगतान के विषय में एन0आर0सी0 के स्टाफ को जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाती है। | | चिकित्सा अधीक्षक |
| एन0आर0सी0 में एल0ई0डी0 लम्बे समय से खराब पड़ा है। | | चिकित्सा अधीक्षक |
| सेवाप्रदाता द्वारा तैनात कर्मचारियों के पास पहचान–पत्र एवं यूनिफार्म को धारण नहीं किये हुये थे। | सेवाप्रदाता को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के स्तर से निर्देशित करने का सुझाव दिया गया कि कर्मचारी पहचान–पत्र (नाम, पता एवं आयु) व यूनीफार्म में सेवा प्रदान करना सुनिश्चित करें। | हास्पिटल मैनेजर |
| जिला चिकित्सालय में स्थापित किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक पर 11 बजे तक कोई भी उपस्थित नहीं था। फोन करने के 1 घंटे बाद किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संजीव कुमार आए।<br>उनके पास किये गए काम का न तो कोई रिकार्ड उपलब्ध था न ही आवश्यक उपकरण तथा लाजिस्टिक।<br>क्लीनिक की हालत देखकर प्रतीत होता है कि काउंसलर क्लीनिक पर नहीं आते हैं। | | कार्यक्रम नोडल अधिकारी। |

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– टठिया ब्लाक उमरदा**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का इंफ्रास्ट्रक्चर बहुत ही अच्छा था परन्तु मानव संसाधन की कमी के कारण सप्ताह में दो बार सोमवार एवं बृहस्पतिवार को ही चिकित्सा अधिकारी की तैनाती है।<br>फार्मासिस्ट द्वारा केवल दवा का वितरण किया जा रहा था। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, उमरदा ब्लाक | |
| प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव कराया नहीं जा रहा है। | | |

| | |
|---|---|
| अस्पताल परिसर में किसी प्रकार की कोई भी पोस्टर या बैनर नहीं लगे थे । | |
| चिकित्सालय हेतु अनुमन्य आर.के.एस. फण्ड का उपयोग नहीं किया गया है और न ही इस धनराशि को उपयोगित किये जाने हेतु चिकित्सा अधिकारी को अभिमुखिकृत किया गया है। | |
| सिटिजन चार्टर का डिसप्ले नही था। | |
| चिकित्सालय में शिकायत पेटिका नहीं लगायी गयी है। | |
| चिकित्सालय परिसर में अग्नि शमन हेतु किसी प्रकार का उपाय नहीं किया गया है। | |

**स्वास्थ्य उपकेन्द्र, जैनपुर ।**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| उपकेन्द्र पर सेवाए लेने जाने की लिए रास्त बहुत की खराब है | ग्राम प्रधान से बात की गयी की रास्ते का कूड़ा एक सप्ताह में हटा दिया जायेगा | ए0एन0एम0 |
| उपकेन्द्र पर बिजली की व्यवस्था नहीं थी। पानी के लिए केवल हैण्डपंप है। | ए0एन0एम0 को आवश्यक दवाओं, एवं सुविधाऐं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। | |
| महिला स्वास्थ्य कार्यकत्री को उपकेन्द्र के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली अन्तरवित्तीयन के अनुसार प्रदान की जाने वाली असम्बद्ध धनराशि की जानकारी नहीं है। | | |
| उपकेन्द्र का दीवार लेखन नहीं किया गया है। | | |
| जन्म के समय टीकाकरण नही किया जा रहा है। | | |
| खतरे वाली गर्भवती को ए0एन0एम0 द्वारा चिन्हित नही किया जा रही है और कोई दस्तावेज भी उपलब्ध नही थे। | | ए0एन0एम0 |
| परिवार नियोजन से सम्बन्धित माला–एन व ई. सी.पी. इत्यादि उपलब्ध नहीं थी। | | ए0एन0एम0 |
| एच0आर0पी0 की सूची तैयार की जा रही है 30 उच्चरक्तचाप के लिए स्क्रीनिंग की गयी जिसमे से 16 उच्चरक्तचाप के मरीजो को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को संदर्भित किया गया | | ए0एन0एम0 |

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– तिरवा ब्लाक उमरदा

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर स्ट्रेचर व व्हील चेयर उपलब्ध नहीं था। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सुझाव दिया गया। | ब्लाक एवं जनपद स्तर |
| लेबर रूम में 16 प्रोटोकॉल पोस्टर नही लगे है। डिजिटल घड़ी एवं थर्मामीटर उपलब्ध नही है। | | |
| वार्ड में बेड शीट नहीं बदली जा रही थी तत्काल बदलवाया गया। | | |
| लेबर रूम में कोई भी कर्मचारी भ्रमण के दौरान उपस्थित नहीं था । | | ब्लाक |
| अस्पताल में शिकायत निवारण तत्र उपलब्ध नही है। | | |
| टी0टी0 का इन्जेक्सन एवं ओ0आर0एस0, जिंक, छाया किट, आयरन की नीली गोली उपलब्ध नही है। | | |
| वार्ड में लगाया गया टेलीविजन अक्रियाशील अवस्था में था। | टेलीविजन को क्रियाशील करके आवश्यक स्थल पर लगाये जाने का सुझाव दिया गया। | ब्लाक स्तर |
| चिकित्सालय के किसी भी वार्ड में आई.ई.सी. नहीं की था। | चिकित्सालय में आई.ई.सी. किये जाने का सुझाव दिया गया। | |
| सिटिजन चार्टर का डिसप्ले नही था। | 20 सितम्बर तक बैठक कर लिया जाना है। बैठक कर अतिशीघ्र आवश्यकतानुसार व्यय किया जाना सुनिश्चित किया जाये। | |
| अस्पताल के कंडोम बॉक्स में कंडोम उपलब्ध नहीं था। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सुझााव दिया गया। | ब्लाक स्तर |
| जननी सुरक्षा योजना व जननी शिशु सुरक्षा योजना के सम्बन्ध में प्रचार–प्रसार अत्यन्त कम किया गया था। | | |
| टीम द्वारा मूवमेंट रजिस्टर नहीं भरा जा रहा था। | | |

| | | |
|---|---|---|
| एक टीम द्वारा स्क्रीन किये गए लाभार्थियों का वनज एवं हाइट नहीं नापी जा रही थी। | टीम को चेतावनी जारी कर एक माह में आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करने का अवसर दिया गया। एक माह में सुधार न होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई। | कार्यक्रम नोडल अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| रजिस्टर पर पृष्ठ संख्या अंकित नहीं की गई थी। बीच बीच में कई पृष्ठ खाली भी छोड़े गए थे। रजिस्टर में सभी कालम नियमानुसार नहीं भरे गए थे। | | |
| टीम द्वारा विफ्स कार्यक्रम की न तो कोई मानीटरिंग की जा रही है और न ही उन्हें दिशा–निर्देशों के बारे में स्पष्ट जानकारी थी जबकि टीम के दो सदस्य विफ्स का प्रशिक्षण लेकर प्रशिक्षक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। | | |
| ब्लाक में कहीं भी विफ्स अथवा निपि के पोस्टर प्रदर्शित नहीं किये गए थे। | | |
| ब्लाक में विफ्स अथवा निपि की आई0ई0सी0 का कोई भी रिकार्ड नहीं मिला। ब्लाक में प्रेषित किये गए विफ्स एवं निपी रजिस्टर अथवा कार्ड के वितरण का कोई भी रिकार्ड केन्द्र पर नहीं मिला। | | |
| किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक भीड़ से दूर एक अलग कक्ष में स्थापित किया गया है। क्लीनिक पर समस्त पोस्टर प्रदर्शित किये गए हैं। | किशोर स्वास्थ्य काउन्सलर को चेतावनी जारी कर एक माह में आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करने का अवसर दिया गया। एक माह में सुधार न होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई। | कार्यक्रम नोडल अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| किशोर स्वास्थ्य काउंसलर द्वारा आउटरीच गतिविधियों हेतु माइक्रोप्लान निर्धारित प्रारूप पर नहीं बनाया जा रहा है। आउटरीच गतिविधियों के उपरान्त रजिस्टर पर गतिविधि किये गए केन्द्र प्रभारी के हस्ताक्षर भी नहीं लिए गए हैं। | | |
| मार्च 2019 से पूर्व की गई आउटरीच गतिविधियों का कोई भी डाटा क्लीनिक पर उपलब्ध नहीं मिला। | | |
| किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक हेतु भेजे गए हैण्डआउट्स भी मात्र एक ही प्रकार के उपलब्ध पाए गए। अन्य प्रकार के हैण्डआउट्स के बारे में काउंसलर द्वारा कोई भी जानकारी नहीं दी गई। | | |
| मासिक रिपोर्ट में भेजा गया डाटा रजिस्टर के डाटा से मिलान नहीं हो रहा था। जून माह की रिपोर्ट में 45 किशोर के स्थान पर 67 किशोर रिपोर्ट किये गए हैं। | | |

| | | |
|---|---|---|
| BRC एवं CDPO कार्यालय से प्राप्त WIFS रिपोर्ट का कोई भी प्रमाणिक दस्तावेज केन्द्र पर नहीं मिला। | | |
| पिंक और ब्लू आयरन टैबलेट रिकार्ड रजिस्टर में अपूर्ण लिखे पाये गये।<br>ब्लाक से आयरन की गोलियों का वितरण भी नियमानुसार नहीं किया गया है। वितरण का किसी प्रकार का कोई स्पष्ट डेटा केन्द्र पर उपलब्ध नहीं मिला।<br>नियमों के विपरीत आवश्यकता से काफी अधिक मात्रा में आयरन की पिंक और ब्लू टैबलेट टीम द्वारा प्राप्त की गई हैं। | फार्मासिस्ट को चेतावनी जारी कर एक माह में आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करने का अवसर दिया गया। एक माह में सुधार न होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी। |
| आयरन की पिंक और ब्लू टैबलेट नियमों के विपरीत पूरी की पूरी आर0बी0एस0के0 टीम के सदस्य को प्राप्त करवा दी गई है जिसका आगे का कोई रिकार्ड केन्द्र पर उपलब्ध नहीं मिला। | | |
| पीयर एजुकेटर के प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों के हस्ताक्षर विभिन्न दिवसों में विभिन्न प्रकार से किये जाने के कारण संदिग्ध प्रतीत होते हैं। एक ही दिन में 2 बैच एक साथ संचालित किये जाने की रिपोर्ट की गई है। समस्त बैचों में प्रतिभागियों की उपस्थिति शत–प्रतिशत रिपोर्ट की गई है। | बी0पी0एम0 एवं बी0सी0पी0एम0 को समस्त रिकार्ड एक माह मे अद्यतन एवं पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी। |
| उपस्थिति पंजिका में किसी भी अधिकारी अथवा प्रशिक्षक के हस्ताक्षर नहीं हैं। | | |
| विफ्स प्रशिक्षण की उपस्थिति पंजिका भी अपूर्ण है। | | |
| चिकित्सा इकाई में स्थापित की गयी ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई में अव्यवस्था पायी गयी। कार्यालय के साथ सम्बद्ध शौचालय में अन्दर से बंद करने हेतु लैच नहीं था। एमसीटीएस ऑपरेटर द्वारा डैशबोर्ड नहीं लगाया गया। इकाई के समस्त प्रकार के अभिलेख अस्त–व्यस्त व अपूर्ण पाये गये। | | |

**नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– मौसमपुर अलहर ।**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| चिकित्सालय में सिटीजन चार्टर नहीं लगाया गया है। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सुझाव दिया गया। | ब्लाक एवं जनपद स्तर |
| लेबर रूम में 16 प्रोटोकॉल पोस्टर नही लगे है। लेबर रूम में वेन्टिलेशन न होने तथा ए0सी0 नही होने से रूम का तापमान मानकों से अधिक है। डिजिटल घड़ी भी उपलब्ध नही है। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सुझाव दिया गया। | |
| एंटीबायोटिक्स उपलब्ध नहीं थी। | | |
| प्रसव कछ में पर्दा नहीं लगा हुआ था। | | |
| प्रसव कक्ष में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी। | | जनपद स्तर/ब्लाक स्तर |
| रोगी कल्याण समिति के पंजीकरण का नवीनीकरण किया जा चुका है परन्तु हेतु एन0एच0एम0 द्वारा प्रदत्त कराये गये पंजिका पर बैठक आयोजित नहीं की जा रही है। | | |

- ब्लाक उमर्दा की बी0आर0सी0 का भ्रमण किया गया। भ्रमण दिवस पर आयोजित समस्त एन0पी0आर0सी0 की बैठक को सम्बोधित कर विफ्स कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। बी0ई0ओ0 द्वारा कार्यक्रम हेतु यथासम्भव हर सहयोग देने का आश्वासन दिया गया।
- दिनांक 21.01.2020 को मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ बैठक की गयी एवं भ्रमण किये गए स्वास्थ्य इकाईयो के बिन्दुओ के बारे में अवगत कराया गया ।
- टीम द्वारा सुझाव दिया गया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में जनपद की स्थिति सबसे निम्नतम होने के कारण अतिरिक्त प्रयास करते हुये प्राथमिकता प्रदान किये जाने की आवश्यकता है।
- जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों के लम्बित भुगतान को कराये जाने हेतु रणनीति तैयार करते हुये शत्प्रतिशत भुगतान किये जाने का सुझाव दिया गया।
- आशा प्रोत्साहन धनराशि का भुगतान बी.सी.पी.एम.–एम.आई.एस.के माध्यम से शत्प्रतिशत व ससमय नहीं किया जा रहा है।
- गैर संचारी रोग अभियान के अद्यतन स्थिति के बारे में अवगत कराया गया ।
- कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की बैठक में C-BAC प्रपत्र को पोर्टल पर अंकित किया जाना सुनिश्चित किया जाना है ।

(मोहम्मद आजम खॉ)
मानिटरिंग एण्ड डाक्यूमेन्टेशन
आफिसर, कम्युनिटी प्रोसेस, अनुभाग

(डा. आनंद अग्रवाल)
उपमहाप्रबंधक
आर.के.एस.के, अनुभाग।

## जनपद भ्रमण आख्या फर्रुखाबाद

## दिनांक 23.01.2020 से 25.01.2020

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के पत्र संख्या– SPMU/NHM/M&E/2019-20/18/7999-2 दिनांक 20.12.2019 के क्रम में पत्र में दिए गए निर्देशों के अनुपालनार्थ दिनांक 23 से 25 जनवरी 2020 को भ्रमण दल द्वारा जनपद फर्रुखाबाद का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण दल के सदस्यों का विवरण निम्नानुसार है:–

3. डा. आनंद अग्रवाल, उप महाप्रबंधक आर.के.एस.के अनुभाग एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।
4. मोहम्मद आजम खान मानिटरिंग एण्ड डाक्यूमेन्टेशन आफिसर, कम्युनिटी प्रोसेस, अनुभाग एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।

जनपद की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की संक्षिप्त आख्या निम्नवत् है–

**डा. राम मनोहर लोहिया महिला अस्पताल, फर्रुखाबाद ।**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 कैलाश द्वारा अवगत कराया गया कि चिकित्सालय में मानव संसाधन के काफी कमी है। चिकित्सा अधिकारी एवं स्टाफ नर्स के समस्त पदों पर नियुक्तियों के लिए अनुरोध किया गया। | उक्त के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ बैठक कर समस्त मुद्दों से अवगत कराया गया। जनपद स्तर से निस्तारित हो सकने वाले समस्त मुद्दों पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा शीघ्र ही कार्यवाही किये जाने का आश्वासन भी दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी / चिकित्सा अधीक्षक |
| कंगारू मदर केयर मे स्टाफ नर्स के सभी पद रिक्त है। | | |
| एस0एन0सी0यू0 में बी0 टाईप के आक्सीजन सिलेण्डर है। जो कि आवश्यकता के अनुरूप कम है। पूर्व में दिये गये समस्त आक्सीजन कन्सनट्रेटर कन्डम हो चुके है। | | |
| निश्चेतक के पद पर नियुक्ति न होने के कारण सर्जरी के लिए बाहर से ऑनकाल बुलाया जाता है। किन्तु इसके लिए भी कोई फण्ड इस वर्ष में उपलब्ध नहीं कराया गया है। | | |
| ई–हास्पीटल के डेटा आपरेटर की सेलरी गत 03 माह से प्राप्त नहीं हुई है। | | |
| वर्ष 2018–19 के कायाकल्प पुरस्कार की धनराशि भी अभी तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। | | |
| अस्पताल में उपलब्ध संसाधन 30 शैया वाले | | |

| | | |
|---|---|---|
| अस्पताल के समकक्ष है। जबकि अस्पताल को 100 शैया वाले अस्तापल में उच्चीकृत कर दिया गया है। | | |
| अस्पताल में आर0के0एस0 का फण्ड भी पूर्ण रूप से प्राप्त नहीं हुआ है। | | |
| एन0एच0एम0 के अस्पताल में कार्यरत एन0एच0एम0 के समस्त कर्मचारियों का मानदेय काफी विलम्ब से दिया जाता है। | उक्त के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के साथ बैठक कर समस्त मुद्दों से अवगत कराया गया। अधीक्षक स्तर से निस्तारित हो सकने वाले समस्त मुद्दों पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा शीघ्र ही कार्यवाही किये जाने का आश्वासन भी दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| एन0आर0सी0 में चिकित्सा अधिकारी का परफार्मेन्स बेस इन्सेन्टिव का भुगतान नहीं किया गया है। | | |
| एन0आर0सी0 में कार्यरत कुछ स्टाफ का भुगतान चिकित्सालय के स्तर से एवं कुछ कर्मचारियों का भुगतान सी0एम0ओ0 कार्यालय के स्तर से किया जा रहा है। चिकित्सालय स्तर से किया जाने वाला भुगतान अनियमित एवं विलम्बित होता है। गत वर्षों में दी जाने वाली मानदेय वृद्धि नहीं दी गई है। | | |
| एन0आर0सी0 हेतु स्वीकृत संचालन व्यय का कोई व्यौरा उपलब्ध नहीं कराया गया। | | |
| एन0आर0सी0 में फ्रिज आर0ओ0 काफी समय से खराब है। कई बार लिखित रूप मे अनुरोध किये जाने के उपरान्त भी अस्पताल प्रशासन द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया गया। | | |
| एन0आर0सी0 में लाभार्थियों के तीमारदारों लन्च 1 से 2 के बीच तथा डिनर सायं 05 बजे तक उपलब्ध कराया जा रहा है। समय का ये अन्तराल असुविधाजनक है। | | |
| रोगी सहायता केन्द्र में 09 नवम्बर 2019 के बाद से कोई भी शिकायत रजिस्टर नहीं की गई है। | | |
| रजिस्टर में शिकायतकर्ता का पूर्ण पता अथवा मोबाइल नम्बर अंकित नहीं किया जाता है। | | |
| चिकित्सालय में स्थापित किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक का व्यापक प्रचार प्रसार नहीं किया गया है। | | |
| क्लीनिक की ब्रान्डिंग साथिया केन्द्र के रूप में नहीं की गई है। | | |
| किशोर स्वास्थ्य काउन्सलर नियमानुसार आउरीच एक्टीविटी नहीं कर रहे है। और न हीं आउटरीच के दौरान दिये गये बैनर इत्यादि का प्रयोग कर रहे है। | किशोर स्वास्थ्य काउन्सलर को | कार्यक्रम नोडल अधिकारी/आर0के0एस0के0 |

| | | |
|---|---|---|
| रजिस्टर में यू0आई0डी0 नियमानुसार नहीं लिखा जा रहा है। | चेतावनी जारी कर एक माह में आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करने का अवसर दिया गया। एक माह में सुधार न होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई। | कोआर्डिनेटर। |
| अस्पताल में आने वाले 10 से 19 वर्ष के लाभार्थियों का नाम ओ0पी0डी0 रजिस्टर से निकाल कर लिख दिया जाता है। | | |
| कार्यक्रम के सम्बन्ध में किशोर स्वास्थ्य काउन्सलर का अभिमुखीकरण संतोषजनक नहीं है। | | |

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– अचरा खल्वारा ब्लाक नवाबगंज**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| केवल सामान्य प्रसव किया जा रहा है फ्रिज उपलब्ध नहीं होने के कारण ऑक्सीटोसिन उपलब्ध नहीं है । | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, ब्लाक नवाबगंज | |
| वटामिन के 1 एवं एंटीबायोटिक्स उपलब्ध नहीं है । | | |
| अस्पताल परिसर में किसी प्रकार की कोई भी पोस्टर या बैनर नहीं लगे थे । | | |
| चिकित्सालय हेतु अनुमन्य आर.के.एस. फण्ड का उपयोग नहीं किया गया है और न ही इस धनराशि को उपयोगित किये जाने हेतु चिकित्सा अधिकारी को अभिमुखिकृत किया गया है। | | |
| बिजली जाने की दशा में किसी प्रकार का कोई पॉवर बेकअप नही था। | | |
| चिकित्सालय में शिकायत पेटिका नहीं लगायी गयी है। | | |

**स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पहाढ़पुर ब्लाक नवाबगंज ।**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| प्रत्येक माह 3 या 4 प्रसव हो रहे है परन्तु प्रसव टेबल पर कोई भी गद्दा इत्यादी नहीं था। | तत्काल MOIC/BCPM को जनपद से सामंजस्य कर उपलब्ध करने का सुझाव दिया गया । | |
| उपकेन्द्र पर दी जाने वाली सुविधाओं का लेखन नही कराया गया है। | ए0एन0एम0 को आवश्यक दवाओं, एवं सुविधाऐं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। | ए0एन0एम0 |
| महिला स्वास्थ्य कार्यकत्री को उपकेन्द्र के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली अन्तरवित्तीयन के अनुसार | | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रदान की जाने वाली असम्बद्ध धनराशि की जानकारी नहीं है। | | |
| | | |
| जन्म के समय टीकाकरण नही किया जा रहा है। | | |
| खतरे वाली गर्भवती को ए0एन0एम0 द्वारा चिन्हित नही किया जा रही है और कोई दस्तावेज भी उपलब्ध नही थे। | | ए0एन0एम0 |
| परिवार नियोजन से सम्बन्धित माला–एन व ई.सी.पी. इत्यादि उपलब्ध नहीं थी। | | ए0एन0एम0 |

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– ब्लाक नवाबगंज**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| चिकित्सालय की बाउंड्री वाल पर प्राइवेट कम्पनियों एवं स्थानीय दुकानों के प्रचार हेतु वाल राइटिंग की गई है। | प्राइवेट कम्पनियों एवं स्थानीय दुकानों के प्रचार हटवाने के निर्देश दिये गये। | ब्लाक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी। |
| प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उपस्थित नहीं थे। बुलाए जाने पर कुछ समय के लिए अपने आवास से आए। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सुझाव दिया गया। | ब्लाक एवं जनपद स्तर |
| चिकित्सालय में कार्यरत आयुष चिकित्साधिकारी के पास स्टेथोस्कोप तथा अन्य उपकरण उपलब्ध नहीं थे। | | |
| चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर स्ट्रेचर व व्हील चेयर उपलब्ध नहीं था। | | |
| चिकित्सालय की सफाई व्यवस्था दयनीय पाई गई। | सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये गये। | ब्लाक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी। |
| ब्लाक पर कार्यरत एक कर्मचारी की माता की मृत्यु पर दिनांक 20 जनवरी 2020 को समस्त सेवाएं बन्द कर सभी कर्मचारियों को अवकाश दे दिया गया। | | मुख्य चिकित्सा अधिकारी। |
| भ्रमण दिवस पर बी0पी0एम0 ब्लाक पर अनुपस्थित थे। | | ब्लाक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी। |
| ब्लाक में ब्लाक लेखा प्रबन्धक का पद रिक्त है। बरौन ब्लाक के बी0ए0एम0 को सप्ताह में 3 दिनों के लिए सम्बद्ध किया गया है। | | मुख्य चिकित्सा अधिकारी। |
| लेबर रूम में 16 प्रोटोकॉल पोस्टर नही लगे है। | तत्काल पोस्टर लगाने के लिए निर्देशित किया गया। | ब्लाक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी। |
| प्रसव कक्ष सेवेन ट्रे उपयुक्त तरीके से सुसज्जित | | |

| | | |
|---|---|---|
| था । | | |
| प्रसव कक्ष से शौचालय अटैच्ड नहीं है। | | |
| स्टाफ नर्स को प्रसव के सभी चरणों के बारे में अवगत थी और रजिस्टर व्यवस्थित था । | | |
| अस्पताल में शिकायत निवारण तंत्र उपलब्ध नही है। | शिकायत निवारण तंत्र क्रियाशील करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी। |
| जननी सुरक्षा योजना व जननी शिशु सुरक्षा योजना के सम्बन्ध में प्रचार–प्रसार नहीं किया गया था। | उपलब्ध उपयुक्त आई0ई0सी0 डिस्प्ले करने का निर्देश दिया गया। | |
| अन्य किसी भी प्रकार के आई0ई0सी0 का कोई भी डिस्प्ले नहीं पाया गया। | | |
| चिकित्सा इकाई में स्थापित की गयी ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई में कोई भी कर्मचारी उपस्थित नहीं था। | ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई को प्रतिदिन समय से आने के लिए निर्देशित किया गया। | |
| आर0बी0एस0के0 टीम की स्टाफ नर्स रूबी लगातार काफी समय से अनुपस्थित चल रही हैं परन्तु उनकी उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज की जा रही थी। | स्टाफ नर्स रूबी को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। | कार्यक्रम नोडल अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| टीम अपने साथ आयरन की गोलियों का बफर स्टाक लेकर नहीं जाती है। | टीम को चेतावनी जारी कर एक माह में आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करने का अवसर दिया गया। एक माह में सुधार न होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई। | कार्यक्रम नोडल अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| आंगनबाड़ी में भ्रमण के दौरान भी इन्फैन्टोमीटर तथा बच्चों वाली वजन मशीन न ले जाकर वयस्कों वाली वजन मशील ले जायी जाती है। | | |
| स्क्रीनिंग के लिए आवश्यक उपकरण टीम के पास उपलब्ध नहीं पाये गये। | | |
| विफ्स कार्यक्रम का कोई भी अनुश्रवण अथवा समीक्षा नहीं की जा रही है। | | |
| ब्लाक द्वारा वितरित किये गये विफ्स रजिस्टर, कार्ड एवं पोस्टर्स का कोई भी विवरण ब्लाक पर प्राप्त नहीं हुआ। | | |
| स्क्रीनिंग कम रेफरल कार्ड टीम के पास उपलब्ध नहीं पाये गये। | | |
| विफ्स कार्यक्रम की नीली आयरन गोली नियमों के विपरीत ओ0पी0डी0 में वितरित की जा रही थी। इस सम्बन्ध में पूछताछ किये जाने पर उपस्थित फार्मासिस्ट विजयपाल सिंह द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। | फार्मासिस्ट को चेतावनी जारी कर एक माह में आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करने का अवसर दिया गया। एक माह में सुधार न होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| फार्मेसी स्टोर में तमाम दवाओं का स्टाक स्टाक रजिस्टर से मैच नहीं हुआ। | | |
| स्टाक रजिस्टर में किसी भी एन्ट्री अथवा पृष्ठ पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर नहीं | | |

| | | |
|---|---|---|
| किये गये है। | | |
| ब्लाक पर उपलब्ध कराये गये आई0ई0सी0 एवं लाजिस्टिक का रिकार्ड फार्मासिस्ट के स्टाक बुक में नहीं मिला। | | |
| चिकित्सालय में स्थापित किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक का व्यापक प्रचार प्रसार नहीं किया गया है। | किशोर स्वास्थ्य काउन्सलर को चेतावनी जारी कर एक माह में आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करने का अवसर दिया गया। एक माह में सुधार न होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई। | कार्यक्रम नोडल अधिकारी / आर0के0एस0के0 कोआर्डिनेटर। |
| क्लीनिक की ब्रान्डिंग साथिया केन्द्र के रूप में नहीं की गई है। | | |
| किशोर स्वास्थ्य काउन्सलर दीपमाला नियमानुसार आउरीच एक्टीविटी नहीं कर रहीं हैं। और न हीं आउटरीच के दौरान दिये गये बैनर इत्यादि का प्रयोग कर रहे है। | | |
| रजिस्टर में यू0आई0डी0 नियमानुसार नहीं लिखा जा रहा है। | | |
| अस्पताल में आने वाले 10 से 19 वर्ष के लाभार्थियों का नाम ओ0पी0डी0 रजिस्टर से निकाल कर लिख दिया जाता है। | | |
| कार्यक्रम के सम्बन्ध में किशोर स्वास्थ्य काउन्सलर का अभिमुखीकरण संतोषजनक नहीं है। | | |

**वी.एच.एन.डी., उपकेन्द सिरमोरा ब्लाक नवाबगंज**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| आर0सी0एच0 रजिस्टर ए0एन0एम0 के पास उपलब्ध नही था | बी0सी0पी0एम0 / ए0एन0एम0 को आवश्यक आई0ई0सी0 सामग्री तथा दवायें एवं अन्य सभी उपकरणों उपलब्धता के साथ नियमानुसार वी.एच.एन.डी. के अर्न्तगत दी जाने वालीं सभी सेवाएं लाभार्थी तक पहुचाने हेतु सुझाव दिया गया। | ब्लाक / उपकेन्द्र स्तर |
| वी.एच.एन.डी. टीम के पास वजन मशीन कार्य नहीं कर रहा था । | | |
| एच0आर0पी0 महिलाओं की लाईन लिस्टिंग नही की जा रही तथा ड्यूलिस्ट में पी0एन0सी0 सेवायें नही दी जा रही है। | | |
| वर्तमान में प्रसव सेवाए नहीं दी जा रही है जबकि पहले प्रसव कराया जाता था | | |
| ए.एन.एम. द्वारा एच.आर.पी. रजिस्टर नहीं बनाया गया है।<br>उपकेन्द्र में आई.ई.सी. नहीं की गयी है। | | |
| सत्र स्थल पर भ्रमण के समय तक अत्यन्त कम लाभार्थियों का आच्छादन किया गया था। | | |
| लाभार्थियों के एम0टी0सी0एस0 कार्ड पर आई0डी0 नही भरा गया है। | | |
| सत्र के दौरान ए0एन0एम0 ऑगनवाड़ी व आशा उपस्थित थे। | | |

| | | |
|---|---|---|
| आंगनवाडी कार्यकत्री द्वारा वी.एच.एन.डी. सत्र पर कोई सेवा नही दी जा रही है। न ही काई रिकार्ड या उपकरण या सुविधा ही उपलब्ध है। | | |
| उपकेन्द्र असम्बद्ध धनराशि का उपयोग मानकानुसार नहीं किया गया है। | | |

**वी.एच.एन.डी. उपकेन्द बभना ब्लाक नवाबगंज**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| ग्राम जमालपुर में सत्र का आयोजन श्री योगेन्द्र यादव के बरामदा में किया जा रहा था। | बी0सी0पी0एम0 / ए0एन0एम0 को आवश्यक आई0ई0सी0 सामग्री तथा दवायें एवं अन्य सभी उपकरणों उपलब्धता के साथ नियमानुसार वी.एच.एन.डी. के अर्न्तगत दी जाने वालीं सभी सेवाएं लाभार्थी तक पहुचाने हेतु सुझाव दिया गया तथा अगले सत्र में बैटरी एवं अन्य सत्र की तैयारी किया जाना सुनिश्चित किया जाये । | ब्लाक / उपकेन्द्र स्तर |
| सत्र स्थल पर उपस्थित ऑगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण माह मनाया जा रहा था। | | |
| एच0आर0पी0 महिलाओं की लाईन लिस्टिंग नही की जा रही। | | |
| ब्लड प्रेशर मशीन में बैटरी नहीं था | | |
| आयरन टेबलेट उपलब्ध नहीं थी | | |
| सत्र स्थल पर उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, ए.एन.एम., आशा तथा न्यूट्रीशन सखी से वार्ता करके ज्ञात हुआ कि विगत एक माह में किसी भी बच्चे को एन.आर.सी. हेतु संदर्भित नहीं किया गया है। | | |
| लाभार्थियों के एम0टी0सी0एस0 कार्ड पर आई0डी0 नही भरा गया है। | | |
| सत्र के दौरान ए0एन0एम0 ऑगनवाड़ी व आशा उपस्थित थे। | | |
| निम्न गुणवत्ता का हब कटर प्रयोग किया जा रहा था निडिल काटने पर उसका ब्लेड मुड रहा था जिससे निडिल ऐसे ही रहे जा रहे थे। | | |

**नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– भोलेपुर ।**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| चिकित्सालय में सिटीजन चार्टर नहीं लगाया गया है। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सुझाव दिया गया। | ब्लाक एवं जनपद स्तर |
| लेबर रूम में 16 प्रोटोकॉल पोस्टर नही लगे है। लेबर रूम में वेन्टिलेशन न होने तथा ए0सी0 नही होने से रूम का तापमान मानकों से अधिक है। डिजिटल घड़ी भी उपलब्ध नही है। कैलिशपैड पंचर था। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सुझाव दिया गया। | |

| | | |
|---|---|---|
| अस्पताल में शिकायत निवारण तत्र उपलब्ध नही है। | | |
| ऑक्सीजन सिलेंडर खाली पड़ा था। | | |
| प्रसव कक्ष में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी। | | जनपद स्तर/ब्लाक स्तर |
| रोगी कल्याण समिति के पंजीकरण का नवीनीकरण किया जा चूका है परन्तु हेतु एन0एच0एम0 द्वारा प्रदत्त कराये गये पंजिका पर बैठक आयोजित नहीं की जा रही है। | | |
| विटामिन के –1 उपलब्ध नहीं था। | | |

- ब्लाक नबावगंज के बी0आर0सी0 का भी भ्रमण किया गया। बी0आर0सी0 में 500 विफ्स एवं निपी रजिस्टर पाये गये जिनका वितरण नहीं किया गया था।
- एक अलमारी में किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक हेतु प्रेषित किये गये पोस्टर्स सीलन एवं दीमक लगे पाये गये।
- बी0आर0सी0 द्वारा प्रेषित की गई विफ्स रिपोर्ट का अवलोकन किया गया तथा रिपोर्ट भरने का सही तरीका समझाया गया। रजिस्टर एवं पोस्टर्स को उचित मात्रा में वितरण किये जाने का अनुरोध किया गया।
- ब्लाक नवाबगंज में शिक्षको का विफ्स प्रशिक्षण नहीं किया गया है तथा धनराशि भी कमिट नहीं कराई गई है। आर0के0एस0के0 कोआर्डिनेटर को योजना बनाकर बी0आर0सी0 की नियमित बैठकों के दौरान शिक्षकों का प्रशिक्षण किये जाने के निर्देश दिये गये।
- जनपद में अभी तक किसी को भी लायलिटी बोनस का भुगतान नहीं किया गया है।
- समस्त कर्मचारियों को मानदेय काफी विलम्ब से दिया जाता है।
- दिनांक 23.01.2020 को मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ बैठक की गयी एवं भ्रमण किये गए स्वास्थ्य इकाईयो के बिन्दुओ के बारे में अवगत कराया गया ।
- टीम द्वारा सुझाव दिया गया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में जनपद की स्थिति सबसे निम्नतम होने के कारण अतिरिक्त प्रयास करते हुये प्राथमिकता प्रदान किये जाने की आवश्यकता है।
- जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों के लम्बित भुगतान को कराये जाने हेतु रणनीति तैयार करते हुये शत्प्रतिशत भुगतान किये जाने का सुझाव दिया गया।
- आशा प्रोत्साहन धनराशि का भुगतान बी.सी.पी.एम.–एम.आई.एस.के माध्यम से शत्प्रतिशत व ससमय नहीं किया जा रहा है ।
- कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की बैठक में C-BAC प्रपत्र को पोर्टल पर अंकित किया जाना सुनिश्चित किया जाना है ।
- गैर संचारी रोग अभियान के अद्यतन स्थिति के बारे में अवगत कराया गया ।
- मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी की उपस्थिति में जनपद मे कार्यरत सभी मेडिकल आफिसर एवं किशोर स्वास्थ्य काउन्सलर्स की बैठक की गई।

- बैठक में एक बार फिर विफ्स कार्यक्रम के सम्बन्ध में आर0बी0एस0के0 टीम एवं ब्लाक आर0के0एस0के0 कोआर्डिनेटर के दायित्वों के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गई।
- दिये गये निर्देशों का अनुपालन न करने एवं कार्यक्रम में आशा अनुरूप प्रगति न होने पर चेतावनी जारी कर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई।

**(मोहम्मद आजम खॉ)**
मानिटरिंग एण्ड डाक्यूमेन्टेशन आफिसर,
कम्युनिटी प्रोसेस, अनुभाग

**(डा. आनंद अग्रवाल)**
उपमहाप्रबंधक
आर.के.एस.के, अनुभाग।